तेरे हाथ में पतवार है

तेरे हाथ में पतवार है
फिर नाव क्यों मंझधार है
मेरे सांवरे ...मेरे सांवरे
बड़ी तेज़ ग़म की ये धार है
मेरा तू ही खेवनहार है
मेरे सांवरे ...मेरे सांवरे

मैंने सौंप दी तुझे ज़िन्दगी
तेरा प्यार मेरी बंदगी
नहीं आसरा कोई दूसरा मेरी तू बस सरकार है
मेरे सांवरे ...मेरे सांवरे

तेरे होते मैं क्यों फिकर करूँ
तू जो साथ है तो मैं क्यों डरूं
मेरी आस और विश्वास तू मेरा तू ही तो आधार है
मेरे सांवरे ...मेरे सांवरे

कभी बीच राह ना छोड़ना
कभी दिल ये मेरा ना तोड़ना
कुंदन ये रंग तेरे संग संग रंगीन ये संसार है
मेरे सांवरे ...मेरे सांवरे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15556/title/tere-haath-me-patvaar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |